The Bharat Scouts and Guides

Creating Better India

National Headquarters

Address: Lakshmi Mazumdar Bhawan, 16, M. G. Marg, I. P. Estate, New Delhi-110002

Website :www.bsgindia.orgEmail Id: info@bsgindia.org Phones:+91-11-23378702,23378667

प्रति
समस्त राज्य सचिव,
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र क्रमांक: 249/2023
दिनांक: 04.12.2023

विषय: विश्व हिंदी दिवस का अवलोकन

प्रिय महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएँ!

भारत कई राज भाषाओं और लिपियों से समृद्ध देश है। यहां कई सारी भाषाएं बोली जाती हैं। देश के आधे से ज्यादा भाग को हिंदी भाषा ही जोड़ती है। भले ही अंग्रेजी का प्रचलन बढ़ गया हो लेकिन हिंदी अधिकतर भारतीयों की मातृभाषा है, तथा राजभाषा के तौर पर हिंदी की खास पहचान है। भारत के साथ ही विदेशों में बसे भारतीयों को भी हिंदी भाषा ही एकजुट करती है। हिंदी हिंदुस्तान की पहचान भी है और गौरव भी। हिंदी को लेकर दुनियाभर के तमाम देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को होता है। वहीं भारत में हिंदी दिवस 14 सितंबर को होता है। दो अलग अलग तारीखों पर हिंदी दिवस मनाने की क्या वजह है? विश्व हिंदी दिवस और राष्ट्रीय हिंदी दिवस में क्या अंतर है?

अक्सर लोग असमंजस में होते हैं कि हिंदी दिवस की सही तारीख क्या है। दरअसल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाते हैं और 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाते हैं। दोनों का उद्देश्य हिंदी का प्रसार करना ही है लेकिन दोनों में एक बड़ा अंतर भौगोलिक स्तर पर इसे मनाने का है। वहीं दोनों की स्थापना दिवस को लेकर भी कुछ अंतर है। राष्ट्रीय हिंदी दिवस भारत में हिंदी को आधिकारिक दर्जा मिलने की खुशी में मनाते हैं, वहीं विश्व हिंदी दिवस दुनिया में हिंदी को वही दर्जा दिलाने के प्रयास में मनाया जाता है।

पहला हिंदी दिवस सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित हुआ था। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी का प्रसार-प्रचार करना था। तब से विश्व हिंदी दिवस इसी तारीख यानी 10 जनवरी को मनाया जाने लगा।बाद में यूरोपीय देश नार्वे के भारतीय दूतावास ने पहली बार विश्व हिंदी दिवस मनाया था।

अत: आप सभी सम्मानित राज्य सचिवों से अनुरोध है कि आप अपने अपने राज्यों में दिनांक १० जनवरी को विश्व हिंदी दिवस को बड़े उत्साह पूर्वक मनाए और अपनी राष्ट्र भाषा को सम्मान दें!

आयोजित की जाने वाली कुछ गतिविधियाँ सुझाई गईं:
1. हिंदी कविताएँ, कहानी पाठ, शब्दावली प्रश्नोत्तरी आदि से संबंधित प्रतियोगिताएँ।
2. हिंदी भाषा में वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ

गतिविधियों की तस्वीरों के साथ संक्षिप्त रिपोर्ट कृपया girlprogramme@bsgindia.org पर और एक प्रति info@bsgindia.org पर 15 जनवरी 2023 तक भेजी जाए, ताकि रिपोर्ट को अधिक से अधिक दृश्यता के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय की मासिक पत्रिका और सोशल मीडिया साइटों पर प्रकाशित किया जा सके।

धन्यवाद,

सादर

सुरेखा

(सुरेखा श्रीवास्तव)
उप निदेशक गाइड
(बालिका कार्यक्रम)

कॉपी:-

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारिगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली - 110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201309।
5. सभी जिला सचिव, दम्मम, रियाद, मस्कट और जमीयत यूथ क्लब के ज़िला संघ।
6. सभी सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अनुवर्ती कार्रवाई हेतु।